26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 8 जून, 2026
अंक- 224 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16




# टूट गया सीजफायर?

## ईरान ने इस्त्राइल पर दागीं मिसाइलें

**तेहरान ( एजेंसी/चिंगारी )**। इस्त्राइल ने दावा किया है कि ईरान ने उस पर मिसाइलों से हमला किया है। अप्रैल की शुरुआत में लागू हुए युद्धविराम के बाद यह पहली बार है जब ईरान की ओर से ऐसा हमला किया गया है। इस घटनाक्रम से युद्ध समाप्त करने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों को बड़ा झटका लग सकता है। यमन के हूती विद्रोही समूह ने इस्त्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले का खुलकर समर्थन किया है। हूती समूह ने कहा कि रेजिस्टेंस एक्सिस पूरी तरह एकजुट है और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर लगातार समन्वय बना हुआ है।




# फिलीपींस में भूकंप : 4 की मौत, 200+ घायल

## 7.8 तीव्रता के भीषण भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट

मनीला ( एजेंसी/चिंगारी )। फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से मिंडानाओ में आज सुबह तेज भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.8 दर्ज की गई है, जिसके बाद कई तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति बाधित होने और लोगों के घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने की ख़बरें सामने आई हैं। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान या जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर जनरल सैंटोस शहर से लगभग 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 7:37 बजे आया, जिससे पूरे क्षेत्र में तेज झटके महसूस किए गए।



# नई नीति से निवेश को मिलेगा और बढ़ावा- सीएम योगी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश अब डिजिटल अवसंरचना में देश का सबसे बड़ा हब बनने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्ष 2030 तक प्रदेश में 2 गीगावाट से अधिक अतिरिक्त डेटा सेंटर क्षमता विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भविष्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनने जा रहे हैं, ऐसे में यूपी को इस दौड़ में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।



श्री योगी उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2021 की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को नई नीति को निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक आकर्षक, व्यावहारिक और समयानुकूल बनाने के निर्देश दिये। नई नीति में एआई आधारित डेटा सेंटर, ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण अनुकूल ग्रीन डेटा सेंटर, विश्वस्तरीय डिजिटल अवसंरचना, त्वरित अनुमोदन प्रणाली, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और बेहतर कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रमुख सचिव आईटी ने बताया कि नीति-2021 के तहत 900 मेगावाट क्षमता और 30 हजार करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा गया था। अब तक 21,342.90 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं और निवेशकों को लेटर ऑफ कंफर्ट भी जारी किए गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में छह डेटा सेंटर पार्क और दो इकाइयां संचालित हैं, जबकि 644 मेगावाट की प्रतिबद्ध क्षमता पर काम जारी है। 2026 तक देश की कुल डेटा सेंटर क्षमता में यूपी की हिस्सेदारी 8-9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि, पूंजी और ऋण अनुदान के साथ-साथ स्टाम्प शुल्क, विद्युत शुल्क, ट्रांसमिशन एवं व्हीलिंग शुल्क में दी जाने वाली रियायतों को और प्रभावी बनाया जाए। श्री योगी ने कहा कि एआई आधारित उच्च क्षमता वाली कम्प्यूटिंग अवसंरचना स्थापित करने वाले डेटा सेंटर पार्कों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएं, ताकि प्रदेश में एआई आधारित डिजिटल इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो।

## देश में सुख और शांति के लिए हवन किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** गायत्री शक्ति पीठ पर रविवार को देश में सुख और शांति के लिए हवन किया गया। बिजेन्द्र राठी और प्रेम प्रताप सिंह ने हवन कराया। सुश्री प्रियंवदा यजमान रहीं। बिजेन्द्र राठी ने कहा कि हम सनातनी लोगों के लिए देश और धर्म सबसे पहले हैं। हमारे देश में चहुं ओर सुख और शांति रहेगी, तभी हम सब सुख से जीवन बिता पाएंगे। सभी भारतीयों को ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जो संविधान के विरुद्ध हो। उन्होंने परिवार की महिलाओं से कहा कि वे बच्चों को संस्कारवान बनाएं। उन्हें मित्र और शत्रु की पहचान बताएं, जो हमारे देश का हमारे धर्म का मित्र नहीं, वह हमारा भी मित्र नहीं है। यज्ञ में ओमपाल सिंह, रामपाल सिंह, शौर्य, गौरव भटनागर, दीप्ति शर्मा, कुशाग्र शर्मा, दीपचंद, हुकुम सिंह शास्त्री, महेश गुप्ता, नर्मदा साहू, पिंकी, प्रीति रानी समेत अनेक श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान कीं।






## वासु चौधरी ने जीता प्रो फाइटर खिताब



**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला उपाध्यक्ष चौधरी प्रीतम सिंह के पौते वासु चौधरी ने उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए एमएमए प्रो फाइटर खिताब जीतकर नाम रोशन किया है। रविवार को ग्रेटर नोएडा स्थित फाइट च्वाइस अकादमी में आयोजित एमएमए फाइटिंग कॉम्पटीशन में वासु चौधरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पूर्व जिला युवा रालोद हनी तोमर, जिला उपाध्यक्ष चौधरी पीतम सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह, चौधरी सरदार सिंह, पदम सिंह, हरेन्द्र सिंह, रुपेश चौधरी, प्रशांत कुमार, मयंक चौधरी और रविकांत आदि ने मैच के दौरान वासु चौधरी का हौसला बढ़ाया और जीतने पर शुभकामनाएं दीं।



26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी


बिजनौर : सोमवार, 8 जून, 2026

# नशे की गिरफ़्त में है बिजनौर

# इस धंधे में शामिल हैं अभी कई और



बिजनौर (चिंगारी)। शहर में अवैध नशे का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। शनिवार की रात को मोहल्ला मिर्दगान में दो महिलाओं की स्मैक के साथ गिरफ्तारी से इसकी पुष्टि हुई। हालांकि अभी कई लोग और हैं, जो अवैध नशीले पदार्थों का धंधा कर रहे हैं। साथ ही बड़ा सवाल यह है कि स्मैक जैसे नशीले पदार्थ की सप्लाई कौन कर रहा है।



योगेश शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री दरबार में दिया गया पत्र

चिंगारी को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर में कई और लोग भी अवैध नशीले पदार्थों का धंधा कर रहे हैं। इस कारण तमाम युवा तथा बच्चे नशे की चपेट में आ गये हैं। पिछले दिनों शिक्षाविद् योगेश शर्मा ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में बिजनौर शहर में सूखे नशे का अवैध कारोबार बड़े स्तर पर चलने और युवा पीढ़ी के इसकी चपेट में आने का मामला उठाया था।

## सप्लाई चेन तोड़े बिना नहीं मिलेगी मुक्ति

जब तक पुलिस सप्लाई चेन को नहीं तोड़ेगी, तब तक युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती रहेगी।

स्थानीय पुलिस ने शनिवार की रात को शहर कोतवाल अमर सिंह राठौर की अगुवाई में मोहल्ला मिर्दगान बी में एक मकान पर छापा मारकर रहनुमा उर्फ नूरी और तबस्सुम नामक दो सगी बहनों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। नूरी 24 साल की जबकि तबस्सुम 30 साल की है। दोनों बहनें काफी दिनों से स्मैक बेचने का धंधा कर रही थीं। इनसे पहले इनका भाई यह काम करता था। उसके गंभीर रूप से बीमार होने के बाद दोनों बहनों ने यह धंधा शुरू कर दिया।



पुलिस द्वारा गिरफ्तार नूरी व तबस्सुम

काफी दिनों से इनकी शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। इन्होंने गैस के सिलेण्डर में स्मैक छिपा रखी थी। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। घटना से सनसनी फैल गई।

## वाहनों की खुदरा बिक्री ने मई में बनाया नया रिकॉर्ड

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। देश में वाहनों की मांग में पिछले साल सितंबर से जारी तेजी अब भी बनी हुई है और वाहनों की खुदरा बिक्री ने मई महीने के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। वाहन डीलरों से शीर्ष संगठन (फाडा) द्वारा वाहनों के पंजीकरण के आधार पर सोमवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल यात्री वाहनों, तिपहिया, ट्रैक्टरों और कुल बिक्री का मई का नया रिकॉर्ड बना है। वाहनों की कुल बिक्री 25,31,067 इकाई दर्ज की गयी जो पिछले साल मई के मुकाबले 9.55 प्रतिशत अधिक है।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



कैसा भी दर्द हो मात्र 10 मिनट में राहत वह भी बिना दवाइयों के

शक्तिपात योग थैरेपी


कमर-घुटने के दर्द, साईटिका डिस्क स्लिप के लाइलाज वाले तुरंत सम्पर्क करें-

शिव शक्ति योग पीठ

जानकीपुरम, कृष्णा कॉलेज के सामने, नूरपुर रोड, बिजनौर
मो. 9870746060

R.C. EYE HOSPITAL

RC EYE & DENTAL HOSPITAL




आँखों की सम्पूर्ण देखभाल
एक ही छत के नीचे

हमारे यहाँ
OPENING FROM
27TH JUNE
★ से सेवा प्रारम्भ ★

सही जाँच, सही ईलाज, उत्त्तम परिणाम



डॉ. रचित अग्रवाल
MS (Ophthalmology)
Cataract, Retina & Cornea Specialist

10,000+ मोतियाबिंद (Cataract) सर्जरी का अनुभव
500+ कॉर्निया प्रत्यारोपण (Cornea Transplant) सफलतापूर्वक सम्पन्न
रेटिना, ग्लूकोमा एवं कॉर्निया रोगों के उपचार में विशेषज्ञता
आधुनिक तकनीक एवं उन्नत नेत्र शल्य चिकित्सा सुविधाऐं
बच्चा नेएवं आस पास के क्षेत्रों के मरीजों का विश्वास

अनुभव, विशेषज्ञता और आधुनिक तकनीक के साथ उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सा

रॉबोटिक मोतियाबिंद सर्जरी
(कोई चीरा नहीं, कोई टाँका नहीं, कोई इंजेक्शन नही)
सटीक, सुरक्षित और उत्तम तकनीक

लेजर सुविधा उपलब्ध
लेजर से मोतियाबिंद, चश्मे की पावर और अन्य रेटिना का उपचार

हमारी सुविधाएँ

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा

आस्पटल का पता
आर.सी. आई एंड डेंटल हॉस्पिटल
बैराज रोड, वैष्णो विहार कॉलोनी के सामने
बिजनौर (उ.प्र.) – 246701

हमारी सेवाएँ
आधुनिक आँखों की जाँच एवं उपचार
रेटिना, ग्लूकोमा, मोतियाबिंद का इलाज
बच्चों की आँखों की देखभाल
बाई आई एवं कॉन्टेक्ट लेंस संबंधित उपचार
कम्प्यूटर से जुडे डिजिटल उपकरणों द्वारा जाँच.

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8171742659, 7088210708
आपकी आँखों की रोशनी, हमारी जिम्मेदारी | आपकी मुस्कान, हमारी प्राथमिकता

**भली लगे या बुरी ...**

# पंजाब में 'आप' की स्थिति मजबूत

हाल ही में पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनाव के बाद अब पूरे देश की नजरें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व पंजाब पर लगी हुई हैं, जहां अगले वर्ष चुनाव होने हैं। उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड में बीजेपी की सरकारें हैं, जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्तारुढ़ है। दोनों ही पार्टियों के लिये आगामी चुनाव बेहद महत्वपूर्ण हैं। जहां तक पंजाब का सवाल है, यदि इस समय वहां की सभी राजनीतिक पार्टियों की स्थिति पर नजर डालें तो आम आदमी पार्टी (AAP) सबसे मजबूत स्थिति में दिखाई देती है। बिजली के बिल माफ करने, महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये तथा दलित महिलाओं को पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा, दस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामलों के खिलाफ कानून बनाने की पहल और उसके बाद शुक्राना यात्रा निकालकर लोगों से सीधा संपर्क स्थापित करने जैसी योजनाओं ने पार्टी की स्थिति को मजबूत किया है। इसके साथ ही नशों के खिलाफ 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान चलाकर भी आम आदमी पार्टी ने अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत बनाए रखा है। आम आदमी पार्टी के लिए एक और बड़ी मजबूती यह है कि विपक्षी दल उसके खिलाफ कोई ठोस चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि सत्तारूढ़ पार्टी फिलहाल राजनीतिक बढ़त बनाए हुए है। हाल ही में हुये नगर निकायों के चुनावों में आम आदमी पार्टी को मिली ऐतिहासिक सफलता से भी स्पष्ट हुआ कि आम आदमी पार्टी के विरुद्ध एंटी इनकम्बेंसी जैसी कोई चीज धरातल पर नहीं है। अगर इस चुनाव को जनता की कसौटी माना जाये तो आम आदमी पार्टी की परफोरमेंस से पंजाब के लोग खुश हैं। यदि कांग्रेस पार्टी की बात करें तो वह अभी भी आंतरिक गुटबाजी से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाई है। हालांकि स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस को कुछ हद तक राजनीतिक उभार मिला है और पार्टी हाईकमान पंजाब कांग्रेस के नेताओं को एकजुट करने की कोशिश कर रहा है। यह भी संभव है कि आने वाले समय में कांग्रेस आम आदमी पार्टी को सीधी चुनौती देने की स्थिति में आ जाए। शिरोमणि अकाली दल (बादल) की स्थिति के बारे में कहा जा सकता है कि वह अभी भी राजनीतिक हाशिये पर ही दिखाई देता है। पुनर्सुरजीत अकाली दल के गठन और वारिस पंजाब दे से जुड़े राजनीतिक उभार के कारण अकाली दल (बादल) को नुकसान हो रहा है। स्थानीय निकाय चुनावों में भी अकाली दल (बादल) तीसरे स्थान पर रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही पूरे जोर-शोर से पंजाब में अपना आधार मजबूत करने की कोशिश कर रही हो, लेकिन राज्य में उसका जनाधार अभी भी कमजोर है।

# ठंडी सड़क से तपती राह तक

## पेड़ों की कटाई ने बदली बिजनौर-नगीना मार्ग की पहचान

मुकुल पाल

**बिजनौर (चिंगारी)।** कभी घने पेड़ों की छांव और ठंडी हवाओं के लिए प्रसिद्ध बिजनौर से नगीना जाने वाला मार्ग आज भीषण गर्मी में तपती राह में बदल चुका है। वर्ष 2021 में इस मार्ग को पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल किए जाने के बाद सड़क किनारे खड़े सैकड़ों पुराने और घने पेड़ों को काट दिया गया, जिससे इस सड़क की पहचान और प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बदल गया है।



एक समय था जब इसको 'ठंडी सड़क' के नाम से जाना जाता था। इस मार्ग पर आम, जामुन, बरगद और पीपल जैसे विशाल पेड़ों की हरियाली छाई रहती थी। कई पेड़ तो 100 वर्ष से भी अधिक पुराने बताए जाते थे। राहगीर लंबी यात्रा के दौरान इन पेड़ों की छांव में रुककर सुकून के पल बिताते थे। निराश्रित पशु भी तपती दोपहर में इन्हीं पेड़ों के नीचे बैठकर राहत पाते थे। वहीं, सड़क किनारे खेतों में काम करने वाले किसान जब गर्मी से परेशान हो जाते, तो कुछ देर पेड़ों की ठंडी छांव में बैठकर फिर से काम में जुट जाते थे।

लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बाद इन सभी पेड़ों को काट दिया गया। आज हालत यह है कि कई किलोमीटर तक इस सड़क पर छांव का नामोनिशान नहीं है। तेज धूप में राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पशु-पक्षियों का आश्रय भी समाप्त हो गया है।

ग्राम शादीपुर निवासी किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष विनीत मौर्य ने बताया कि पेड़ों की कटाई के बावजूद अब तक सम्बन्धित विभाग या राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पुन: वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। इससे क्षेत्र का तापमान बढ़ता महसूस हो रहा है और पर्यावरण संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री शिवकुमार कश्यप ने बताया कि शादीपुर के अड्डे पर आम का एक बहुत प्राचीन पेड़ था जिसकी छांव में रिक्शा वाले, ठेली वाले एवं राहगीर खड़े हो जाते थे, परंतु अब धूप के कारण वहां खड़ा होना भी दुश्वार हो जाता है। बरुकी निवासी ग्राम प्रधान पति सोनू पाल, विकास कश्यप, विकराज सिंह, देशराज सिंह आदि का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बाद जहां एक ओर यातायात सुगम हुआ है, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है। बरुकी निवासी समरपाल सिंह ने बताया की बरूकी अड्डे पर बड़ का एक अत्यंत वर्षो पुराना विशाल पेड़ खड़ा था, जो कि ग्राम बरुकी की एक पहचान हुआ करती थी और उसकी छांव इतनी होती थी कि उसमें तमाम राहगीर,फल विक्रेता, रिक्शा, टैंपो एवं अन्य सवारियां खड़ी रहती थीं। परंतु ओवर ब्रिज बन जाने से उक्त पेड़ के काटने के बाद गांव की पहचान खत्म हो गई है।

सड़क किनारे, शीघ्र वृक्षारोपण कराया जाए, ताकि एक बार फिर इस मार्ग पर हरियाली लौट सके और राहगीरों को छांव मिल सके। उनका कहना है कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है, अन्यथा आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

### डीएफओ ने कहा..

**इस संबंध में डीएफओ जय सिंह कुशवाहा ने बताया कि जहां-जहां हाईवेज निकल रहे हैं, अगर वहां कच्ची जमीन उपलब्ध है तो वन विभाग वहां पर इस बरसात में वृक्षारोपण करेगा। और अगर वहां जमीन नहीं है तो जहां भी एनएचएआई ने जमीन उपलब्ध कराई है, तब वहां वृक्षारोपण किया जाएगा।**

# कीलम काट

**-रिफाकत हुसैन मिर्जा**



रात का पहला पहर शुरू हुआ ही होगा, मैं मोबाइल में रील देख रहा था,मुशायरों का शौक रहा है, इकबाल अशहर तरन्नुम से शेर कह रहे थे-

**कैसी तरतीब से कागज पर गिरे हैं आंसू**
**एक भूली हुई तस्वीर उभर आई है**

बस फिर क्या, मेरे जहन के पुराने पन्ने खुलने लगे। हमारा एक दोस्त हुआ करता था, बात छोटे क्लास की ही है,पहले खुशखत राइटिंग / सुलेख पर बहुत जोर हुआ करता था और कीलम काट को मास्टर साहब बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। मेरे दोस्त को लिखकर काटना और फिर लिखने का कुछ ज्यादा ही शौक था। उसकी इसी आदत पर गुरू जी ने उसकी पिटाई कर दी। दोस्त के आंसू निकलकर कॉपी पर गिर गए तो कॉपी और सड़ गई। जब कुछ दिन बाद दोस्त फिर कॉपी चैक कराने गया तो गुरूजी ने उसको डांटा कि क्या कीलम काट कर रखी है।

करते हैं बातें कुछ कीलम काट की कॉपी पर लिखी हुई किसी पंक्ति को जब हम काट देते हैं,तो वो पूरी तरह मिटती नहीं है, वह दिखाई भी देती रहती है और एक तरह से अस्वीकार भी हो जाती है। यदि ध्यान से देखें तो मनुष्य का जीवन भी किसी कॉपी से कम नहीं, जहां ऐसी ही कीलम काट किसी स्थाई सत्य की तरह मौजूद रहती है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां शब्द नहीं बल्कि इच्छायें, सम्बन्ध, विश्वास और योजनाएं और न जाने क्या-क्या काटी जाती है।

बचपन में कोई भी बड़े-बड़े सपने लिखते हैं,कोई अधिकारी बनना चाहता है, कोई खिलाड़ी, तो कोई लेखक या कुछ और। लेकिन समय, परिस्थितियां, आर्थिक सीमाएं और पारिवारिक जिम्मेदारियां और नियति या उसके स्वयं के निर्णय, उन सपनों पर धीरे धीरे कीलमकाट करते चलते हैं। कौन जाने कितने ही व्यक्ति अपना जीवन नहीं बल्कि परिस्थितियों द्वारा चुना गया जीवन जीते हैं।

रिश्ते-नातों में भी यह कीलम काट कम नहीं होती है। कभी जिन लोगों के बिना एक दिन अधूरा लगता

## आज का विचार

था, वही लोग समय के साथ जीवन की कॉपी से कटे हुए नाम बन जाते हैं। मित्रताएं बदलती हैं, विश्वास टूटते हैं,और कई बार तो देखा गया है कि अपने ही लोग हमारी उम्मीदों पर एक मोटी रेखा खींच देते हैं। कभी-कभी हम भी ऐसा करते हैं। समाज और व्यवस्था भी कीलमकाट करती है। किसी प्रतिभावान का अवसर किसी अभाव में कट जाता है। किसी मेहनती छात्र का सपना एक परीक्षा या व्यवस्था की त्रुटि से धुन्धला पड़ जाता है। कई बार व्यक्ति नहीं हारता, परिस्थितयां उसके हिस्से का पन्ना काट देती हैं। लेकिन कीलमकाट काट एक दूसरा अर्थ भी है। कॉपी में गलती काटना सुधार की शुरुआत भी होता है। जीवन में भी कुछ चीजों का कटना आवश्यक होता है- अहंकार, गलत आदतें, कमजोरियां और वह रिश्ते जो भीतर से खोखले हो चुके हों। हर काटी हुई पंक्ति विनाश नहीं होती है। कई बार वही नयी पंक्ति की जगह बनाती है। वहीं से एक बुलन्द इमारत की तामीर मुकम्मल होने का रास्ता हमवार होता है। शायद जीवन का सार यही है कि हम पहचान सकें कि कीलम काट कहां मजबूरी है, कहां साजिश और कहां सुधार का सुअवसर। क्योंकि जिन्दगी की कॉपी में सब कुछ स्थाई नहीं रहता, कुछ हम काटते हैं, कुछ समय काट देता है और कुछ लोग हमारी जानकारी के बिना ही काट जाते हैं, फिर भी क़लम चलती रहती है। जीवन निरन्तर गतिशील रहता है। यही जीवन की सबसे बड़ी जिद है।


//23+years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# हरिद्वार के साहित्यकार डॉ. सुशील त्यागी कोटद्वार में सम्मानित



**हरिद्वार (चिंगारी)।** गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर के प्रवक्ता, हिंदी साहित्यकार एवं कवि डॉ. सुशील कुमार त्यागी 'अमित' को कण्व नगरी कोटद्वार की सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था साहित्यांचल के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। यह साहित्यिक समारोह कोटद्वार के चंद्रज्योति कुंज में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर दायित्व धारी राज्य मंत्री ऋषि कर्णवाल तथा साहित्यांचल कोटद्वार के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश मैठानी, डॉक्टर दिनेश चंद्र बलूनी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ वेद प्रकाश माहेश्वरी शैवाल, महामंत्री शशि भूषण अमोली द्वारा डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी को शाल माला तथा प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी अमित ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में कहा साहित्य आंचल का 54वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जो अपने आप में बड़े ही गौरव की बात है। डॉक्टर त्यागी ने छंदोबद्ध अपनी काव्य रचनाएं भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर श्रवण सेवा एवं शोध संस्थान हरिद्वार तथा अंतराष्ट्रीय हिंदी सेवा समूह के अध्यक्ष डॉ. अशोक गिरि ने साहित्यांचल संस्था के संरक्षक स्वर्गीय चक्रधर शर्मा कमलेश की स्मृति में वरिष्ठ साहित्यकार वेद प्रकाश माहेश्वरी शैवाल को हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित भी किया। डॉ. बीना वशिष्ठ, कौशल्या जखमोला, लक्ष्मी डबराल, माधुरी रावत, बिमला रावत, सुन्दरलाल जोशी, डांस रोशन बलूनी, शशि भूषण अमोली और डॉ. अशोक गिरि, सोमदत्त गिरि आदि उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिले चेयरमैन एमपी सिंह

**नूरपुर (चिंगारी)।** रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पंकज चौधरी से लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए आगामी विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा की। पालिका अध्यक्ष ने डबल इंजन वाली सरकार में नगर पालिका के विकास को भी प्रदेश अध्यक्ष से साझा किया। डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी से सकारात्मक वार्ता हुई। बता दें कि पालिकाध्यक्ष डा. एम.पी. सिंह भाजपा के टिकट पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक चुके हैं।


लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात करते डॉ. एमपी सिंह।

# पिकअप गाड़ी की टक्कर से ई-रिक्शा पलटी, महिला घायल

**धामपुर (चिंगारी)।** दुर्गा विहार कॉलोनी बाईपास पर ई रिक्शा और पिकअप गाड़ी की भिड़ंत में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे ग्राम चकशहजानी स्थित हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मंझेड़ा शकरु निवासी शकील अहमद ई रिक्शा में पांच सवारी बैठा कर धामपुर आ रहा था कि दुर्गा विहार बाईपास पर पीछे से आ रही एक पिकअप गाड़ी के चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई रिक्शा पलट गई और उसमें बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने उन्हें रास्ते से उठाकर पेड़ की छांव में बैठाया। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई, जिस पर पुलिस एंबुलेंस के साथ तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला शबनम को ग्राम चकशहजानी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।


ई रिक्शा पलटने पर घायल हुई महिला।

# झगड़े में बीच-बचाव करना महंगा पड़ा

**शेरकोट (चिंगारी)।** दो पक्षों के बीच हो रहे झगड़े में एक पक्ष के लोगों ने बीच बचाव के लिए आये व्यक्ति को सिर पर वार कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ज्ञानकारी के अनुसार ग्राम भनोटी निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत शनिवार को वह घर से अपने खेत पर जा रहे थे। आरोप है कि इस दौरान रास्ते में उन्हें गांव के ही रहने वाले नदीम,भूरे, वसीम और शारिक, शाकिब आपस में झगड़ा करते हुए मिले। जब उन्होंने झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की तो एक पक्ष के तीन लोगों नदीम,भूरे वसीम ने डंडे और ईंट से दिनेश कुमार के सिर पर वार कर घायल कर दिया। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# रोटरी ऋषिकेश क्लासिक ने दिया पर्यावरण संरक्षण जनजागरूकता संदेश




**ऋषिकेश (चिंगारी)।** पर्यावरण दिवस के पर रोटरी ऋषिकेश क्लासिक द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। रो. संजय सकलानी ने कहा कि प्रकृति को हरा भरा बनाने के लिए हम सभी का सहयोग ज़रूरी है और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने व पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हम सब को आगे आना होगा। क्लब के सचिव रो.विजय रावत ने कहा कि क्लब का मुख्य उद्देश्य सभी लोगों के लिए स्वच्छता अभियान में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है जिससे होने वाली बीमारियों को रोका जा सके। सभी क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर प्रकृति के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, डॉक्टर राज नेगी, राकेश अग्रवाल, मनोज डोबरियाल, सौरव वर्मा, सौरभ शर्मा, नीरज चौहान, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु जाटव उपस्थित थे।

# विधायक स्वामी ओमवेश के समक्ष रखीं शिक्षकों की समस्याएं



**हल्दौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह ने चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी ओमवेश से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवश्यक चर्चा की। रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह ने चांदपुर क्षेत्र के विधायक व पूर्व राज्यमंत्री स्वामी ओमवेश से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक में ब्लॉक हल्दौर के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। स्वामी जी द्वारा समस्त कार्यकारिणी को सम्मान और आशीर्वाद प्रेषित किया गया। शिक्षकों की लंबित मांगों और ब्लॉक की स्थानीय समस्याओं को विधायक जी के सामने प्रमुखता से रखा गया। स्वामी जी ने सभी मुद्दों को ध्यान से सुना और उनका जल्द से जल्द समाधान करवाने का पूरा भरोसा दिया। उन्होंने भयमुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त शिक्षक ब्लॉक बनाने के लिए सभी के साथ मिलकर सहयोग की बात कही, उन्होंने शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने के लिए भी सभी शिक्षकों से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की अपील की है। इस मौक पर स्वामी ओमवेश ने रणजीत सिंह को हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# भागवत कथा में पहुंचीं ज्योति राणा को सम्मानित किया

**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में पहुंची धामपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा की धर्मपत्नी ज्योति किरण राणा को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कथा के मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुजाता सिंह को भी सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन से पधारे भागवत आचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज ने कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्ची मित्रता वही है, जिसमें किसी भी प्रकार का स्वार्थ ना आने पाए। क्योंकि स्वार्थी मित्रता टिकाऊ नहीं रह पाती और स्वार्थ के कारण मित्रता की गरिमा और मर्यादा भी प्रभावित होने लगती है। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के मुख्य संरक्षक तथा ग्राम पंचायत नौरंगाबाद अलहैपुर के प्रशासक प्रदीप कुमार चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी चौहान तथा मुख्य यजमान ठाकुर शूरवीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉक्टर सुजाता सिंह, संगीता देवी उर्फ बबली द्वारा महिलाओं के सहयोग से आयोजित इस कथा को सफलता दिलाने में ग्राम नौरंगाबाद तथा रानी बाग कॉलोनी के अलावा फूल बाग कॉलोनी के श्रद्धालु परिवारों का सराहनीय योगदान बना हुआ है।


भागवत कथा के दौरान श्रीमती ज्योति राणा को सम्मानित करते हुए कथावाचक।

# बांदा से हरिद्वार लाकर की गई थी कौशल्या की हत्या

## चण्डीघाट पुल के पास नग्न अवस्था में मिला था शव


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी।

**हरिद्वार/श्यामपुर ( चिंगारी )।** गत 10 मई को चण्डीदेवी मंदिर के रोपवे के पास टूटे हुए पैदल रास्ते के पास एक अज्ञात महिला का निर्वस्त्र शव पड़ा होने की घटना का आखिरकार श्यामपुर पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए उत्तर प्रदेश के बांदा जनपद के तीन व्यक्तियों को महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस ने तीनों के पास से तीन एण्ड्रायड मोबाइल फोन व एक पिट्ठू बैग भी बरामद किया।

पूर्ण विवरण के अनुसार 10 मई को श्यामपुर पुलिस को सूचना मिली कि चण्डीदेवी मंदिर के रोप वे के पास पैदल रास्ते पर एक महिला का निर्वस्त्र शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आसपास मुआयना करने पर पुलिस को वहां से दो कुंडल, एक टूटा हुआ मंगलसूत्र, एक सफेद रंग का गमछा व महिला के गले से एक ब्लाउज जिससे गले को कस कर बांधा हुआ था बरामद हुआ। घटना स्थल के आसपास मौजूद कीड़े-मकोडों की वजह से महिला का शव का चेहरा पूरी तरह सड़ चुका था, जिस कारण पहचान करीब-करीब असंभव सी लग रही थी।

एसएसपी नवनीत सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद थाना श्यामपुर में टीम का गठन कर टेक्निकल सपोर्ट की जिम्मेदारी सीआईयू हरिद्वार को देते हुए पूरे प्रकरण के पर्यवेक्षण की, जिम्मेदारी एसपी क्राइम निशा यादव को सौंपी। टीम को दो टास्क दिए गए जिसमें पहला टास्क था मृतक महिला की पहचान उजागर करना और दूसरा टास्क था इस हत्याकांड की पूरी पटकथा को सामने लाकर कातिलों को सलाखों के पीछे पहुंचाना।

72 घण्टे तक पहचान न हो पाने पर शव का दाह संस्कार कर चौकी चण्डीघाट प्रभारी उ.नि. सन्तोष सेमवाल की ओर से थाना श्यामपुर पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया। पहले टास्क के तौर पर महिला की पहचान पता करने में जुटी टीम को यहां एक और समस्या का सामना करना पड़ा। आंधी तूफान की वजह से क्षतिग्रस्त होने के कारण घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरो से वारदात की संभावित तिथि की किसी तरह का कोई लाभप्रद सूचना नहीं मिल पा रही थी। टीम ने घटनास्थल के 05 किमी के परिधि के समस्त कैमरो की एक मई से दस मई तक की बैक अप फुटेज का विश्लेषण करने के साथ ही संदिग्ध वाहनो को फारवर्ड/बैकवर्ड ट्रेस, घटनास्थल के आसापास बस्तियों/होटल/धर्मशाला/होमस्टे में सत्यापन करते हुए विभिन्न पोर्टल्स पर कौशल्या नाम की महिला की गुमशुदगी के बारे में जानकारी की गयी तो सन 2019से अब तक कुल 164 कौशल्या नामक महिलाओं की गुमशुदगी की जानकारी प्राप्त हुयी।

विश्लेषण के दौरान 8 मई की सीमित फुटेज में रात के वक्त 03 संदिग्ध व्यक्ति व एक महिला को चण्डी देवी मन्दिर की तरफ जाते देखा गया। लौटते वक्त संदिग्ध के साथ महिला मौजूद नही थी। रुट चार्ट, संदिग्ध नम्बरों का बारीकी से निरीक्षण करने पर टीम के हाथ बड़ी सफलता लगी जब बांदा (उत्तर प्रदेश) के तीन संदिग्ध राकेश, रामप्रकाश उर्फ गोविन्दा और छेदीलाल के नाम प्रकाश में आये। जुटाए गए सबूतों/बयानों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि तीनों संदिग्ध ने आपराधिक षडयंत्र रचकर मृतका कौशिल्या पत्नी पप्पू निवासी बांदा (उत्तर प्रदेश) की गला घोट कर हत्या की है। तीनों को पुलिस हिरासत में लिया गया। पूछताछ में जानकारी मिली कि हत्यारोपी रामप्रकाश की मृतका कौशल्या से

## हरिद्वार पुलिस ने अपनी मेहनत और विशेषज्ञता का नमूना पेश किया

प्रेम संबंध थे। पहले से शादीशुदा होने के बाद भी मृतका द्वारा रामप्रकाश पर शादी करने के लिए दबाव बनाया गया। इस दबाव से तंग आकर रामप्रकाश ने अपने भाई राकेश और सगे जीजा छेदीलाल के साथ मिलकर कौशल्या की हत्या को अंजाम देने के लिए इतनी दूर हरिद्वार को इसलिए चुना ताकि मृतका की पहचान न हो पाए। लेकिन हरिद्वार पुलिस ने अपनी मेहनत और विशेषज्ञता का नमूना पेश करते हुए तीनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

**पुलिस अधीक्षक अपराध निशा यादव एवं नगर अभय सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर शिशुपाल सिंह नेगी, प्रभारी निरीक्षक सीआईयू नरेन्द्र सिह बिष्ट, थानाध्यक्ष श्यामपुर नितेश शर्मा, व.उनि. मनोज रावत, सन्तोष सेमवाल, मोहन कठैत, म.उनि. रचना पठानिया, अ.उनि. रविन्द्र गौड, दरम्यान सिंह, हे.का. प्रेम सिंह पीएस सिडकुल हे.का. पंकज देवली, का. राहुल देव, विनित कुमार, अनिल रावत, सुशील चौहान, तेजेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, जितेंद्र घिल्डियाल, अजय चौहान, मनमोहन सिंह, माधुरी त्रिपाठी, वसीम, उमेश, हरवीर सिंह, दीप गौड ।**

# विधायक निधि से 48 लाख से 24 बूथों पर होंगे विकास कार्य



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में वीरभद्र मंडल के अंतर्गत आने वाले 24 बूथों के लिए विकास कार्यों की महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु विधायक निधि से लगभग 48 लाख रुपये की धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और प्रत्येक क्षेत्र तक सुविधाओं को पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री पुनीता भंडारी, सुमन रावत, पूजा गौड़, अनूप थपलियाल, बसंती देवी, अनिल कुमार, विवेक चतुर्वेदी, रंजीत, गोपाल दत्त थपलियाल, पूनम डोभाल, शशि राणा, प्रमिला त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेमचन्द ने मुख्यमंत्री से भेंटकर बापूग्राम वन भूमि प्रकरण को उठाया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश पहुंचे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर बापूग्राम वन भूमि प्रकरण को प्रमुखता से उठाया और इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। डॉ.अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बापूग्राम क्षेत्र के निवासी लंबे समय से वन भूमि से जुड़े प्रकरण के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिससे आमजन में असमंजस एवं चिंता का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने इस विषय का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कैबिनेट मे लाने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। डॉ. अग्रवाल ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों विशेषकर सड़क, आधारभूत संरचना एवं जनसुविधाओं के लिए मिल रहे सहयोग को निरंतर जारी रखने का अनुरोध भी किया।

# ब्रिक्स मंच पर चमका उत्तराखंड का आपदा प्रबंधन मॉडल




**देहरादून ( चिंगारी )।** प्राकृतिक आपदाओं और वर्षा जनित संकटों की दृष्टि से बेहद संवेदनशील उत्तराखंड ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक बार फिर राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। भारत की अध्यक्षता में ओडिशा के पुरी में 3 से 5 जून 2026 तक आयोजित डीपीआर वर्किंग ग्रुप की द्वितीय तकनीकी बैठक में उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन मॉडल की मुक्त कंठ से सराहना की गई। तीन दिवसीय इस अहम बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया सहित 11 ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और नीति निर्माता शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण, मजबूत अवसंरचना, सामुदायिक आधारित पूर्व चेतावनी प्रणाली, पूर्वानुमान आधारित त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र और आपदा प्रबंधन के लिए सतत वित्तीय व्यवस्थाओं पर अनुभवों का आदान-प्रदान करना था।

सम्मेलन में विभिन्न देशों ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपने नवाचार और सफल मॉडल साझा किए। इसी क्रम में 'उत्तराखंड की ओर से सेनानायक एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी (आईपीएस) और यूएलएमएमसी के निदेशक शांतनु सरकार' ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। दोनों अधिकारियों ने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में विकसित आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, क्षमता विकास, तकनीकी नवाचार और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

प्रस्तुति के दौरान उत्तराखंड की भौगोलिक जटिलताओं, हिमालयी परिस्थितियों, भूस्खलन, अतिवृष्टि, ग्लेशियर झीलों, सड़क अवरोध और तीर्थयात्रा से जुड़े जोखिमों को विस्तार से रखा गया। साथ ही राज्य में विकसित बहु-एजेंसी समन्वय प्रणाली, पूर्व चेतावनी तंत्र और त्वरित राहत-बचाव व्यवस्था को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। विशेष रूप से 'सिल्क्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन और धराली आपदा' प्रबंधन कार्यों को उत्तराखंड के सफल आपदा प्रबंधन मॉडल के रूप में सामने रखा गया। सम्मेलन में मौजूद प्रतिनिधियों ने इन अभियानों को कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में धैर्य, तकनीक, प्रशासनिक समन्वय और मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# प्रजापति महासभा के नये पदाधिकारियों का स्वागत



**चांदपुर (चिंगारी)।** प्रजापति समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा इकाई बिजनौर के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत सम्मान किया गया। रविवार को चांदपुर स्थित धीरज कुमार प्रजापति के आवास पर आयोजित बैठक में समाज के उत्थान संगठनात्मक विस्तार और आगामी महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) बिजनौर के नवनियुक्त जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार प्रजापति एवं ब्लॉक अध्यक्ष जलीलपुर धीरज कुमार का स्वागत किया।

बैठक में भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति, उपसभापति माटीकला समिति बिजनौर के देशराज सिंह प्रजापति, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश प्रजापति

## दक्ष प्रजापति की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय

(नेता जी), मदन सिंह प्रजापति, अनिल कुमार प्रजापति, सभापति माटीकला समिति बिजनौर ऋषिपाल सिंह प्रजापति, जल सिंह प्रजापति, सुनील कुमार प्रजापति (कपड़े वाले), हेमेंद्र सिंह प्रजापति, सोनू कुमार प्रजापति, सुरेश कुमार प्रजापति, रोहताश सिंह प्रजापति, सुधीर कुमार प्रजापति, अशोक कुमार प्रजापति, ईश कुमार प्रजापति, बटुआ सिंह प्रजापति सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य एवं सम्मानित लोग उपस्थित रहे।


खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



## दिल्ली में बीएम सिंह से मिले चौ. राजेन्द्र कुमार



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष चौ. राजेन्द्र कुमार एडवोकेट ने रविवार को दिल्ली में जाकर पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोगों को सस्ते और सुलभ न्याय व वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए हाईकोर्ट बेंच व लघु सचिवालय की मांग के लिए महान्यायिक संगठन द्वारा किये जा रहे आंदोलन के संबंध में वार्ता व सहयोग के लिए भारतीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एम. सिंह से उनके आवास पर जाकर मिले, उन्होंने इस आंदोलन में अपना पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

## खेत में खाद डालते समय किसान को सांप ने डसा

**स्योहारा (चिंगारी)।** खेत में खाद डालने गये किसान को सांप ने डस लिया। रविवार की शाम को जसवीर पुत्र हरवीर सिंह निवासी कासमाबाद खेत में खाद डालने गया था, जहां सांप पर पैर रखा गया और सांप ने डस लिया। जसवीर ने देखा कि उसके कोई काटा चुभ गया है उसने पैर के पास देखा तो सांप की पुछ उसके हाथ में आयी, जिसके कारण सांप ने हाथ में भी डस लिया। जसवीर समय रहते घर पहुंच गया। उसने परिवार के लोगों को बताया और बेहोश होने लगा। परिजन तत्काल जसवीर को सरकारी अस्पताल ले आये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया।

### चड्ढा कोठी पर अवैध दावे के आरोपी लोगों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 100 करोड़ की कीमती संपत्ति के दावेदारों के बीच विवाद और गहरा गया है। हरिद्वार नेशनल हाईवे से सटी शहर की बेशकीमती चड्ढा कोठी को कथित तौर पर हड़पने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज तैयार करने, आपराधिक षड्यंत्र रचने और दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में सिविल लाइंस थाने में नामजद मुकदमा दर्ज़ कराया।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
Hero
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L



4,000/- Discount
10,000/- Discount
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच शुरू हुई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

## 12 केंद्रों पर प्रातः10 बजे से शुरू हुई परीक्षा

## सुबह 9 बजे से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने शुरू हो गये थे अभ्यर्थी

## सभी केंद्रों पर तैनात रहे सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट

### तीन एएसपी और छह सीओ कर रहे परीक्षा की निगरानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 12 केंद्रों पर आरक्षी भर्ती परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन सुबह नौ बजे से ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। निर्धारित समय सुबह 10 बजे पहली पाली की परीक्षा शुरू हुई। केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच की गई और पहचान पत्रों का सत्यापन किया गया।

जिले में यह भर्ती परीक्षा 8 से 10 जून तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है। कुल 31,968 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में 5,328 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए जिले में 12 केंद्र बनाए गए हैं। अधिकरियों ने दावा किया कि नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए तीन एएसपी और छह सीओ लगाये गये हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।





परीक्षा देकर बाहर निकलते हुये परीक्षार्थी। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारी।

परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की खासी भीड़ है। सुरक्षा कारणों से केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ जमा नहीं होने दी गई। अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### गड़बड़ी पर होगी कार्यवाही

एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने दावा किया कि भर्ती परीक्षा को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा को संपन्न कराने में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महिला सेवा संगठन ने राहगीरों को शर्बत पिलाया




**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** महिला सेवा संगठन की ओर से पुरुषोत्तम मास एवं भीषण गर्मी को देखते हुए मौहल्ला मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर सोमवार को दोपहर कैम्प लगाकर राहगीरों को ठंडे शर्बत का वितरण किया। महिला सेवा संगठन की अध्यक्ष वर्षा अग्रवाल व सचिव पूनम अग्रवाल ने कहा कि यह समय पुण्य कमाने का है। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़ी महिलाएं पिछले करीब 52 वर्षों से समाजसेवा का कार्य करती आ रही है। महिलाएं इसी सेवा के लिए वचनबद्ध हैं। महिलाओं ने समाज को प्रेरणा देने के लिए शर्बत पिलाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैम्प में स्नेह अग्रवाल, उषा माहेश्वरी, सुमन मिश्रा, अर्चना जाखेटिया, किरन मेहरा, अमिता अरोरा, दीपा सिंघल, पुष्पा पाठक, तनु गोयल, सुरेखा मित्तल, रमा अग्रवाल, रमा शुक्ला, सम्पत्ति देवी, मंजुला, अनीता अग्रवाल, नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# 9 जून को मनाया जायेगा पुलकित हॉस्पिटल का 11वां स्थापना दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बैराज रोड स्थित पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में 9 जून को हॉस्पिटल का 11वां स्थापना दिवस मरीजों को और बेहतर सुविधाओं और सेवाभाव के साथ मनाया जायेगा। हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. हरीश मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर सभी ओपीडी निःशुल्क के साथ टेस्ट व दवाइयों पर भी 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।




# गोविंद गोपाल लड्डा अध्यक्ष, विपिन लाहोटी उपाध्यक्ष चुने गये

### माहेश्वरी सभा का त्रिवर्षीय चुनाव सम्पन्न

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जिला बिजनौर माहेश्वरी सभा का त्रिवर्षीय चुनाव नजीबाबाद के चतुर्वेदी रिसोर्ट में मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम माहेश्वरी नजीबाबाद एवं सहायक चुनाव अधिकारी अजय रंधर किरतपुर द्वारा संपन्न कराया गया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में अलीगढ़ से अभय माहेश्वरी एड. एवं सहायक चुनाव अधिकारी रघुवंश राठी की देख-रेख में यह चुनाव हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप डेजी माहेश्वरी ने किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल डागा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। आगामी 3 वर्ष के लिए कोटद्वार के गोविंद गोपाल लड्डा अध्यक्ष पद के लिए चयनित हुए। साथ ही उपाध्यक्ष विपिन लाहोटी नजीबाबाद, संजीव लाहोटी नगीना, सचिव विनीत माहेश्वरी अफजलगढ़, संयुक्त सचिव सचिन माहेश्वरी कोटद्वार, नवनीत महेश्वरी दारा नगरगंज, कोषाध्यक्ष कुलभूषण माहेश्वरी धामपुर, संगठन मंत्री मनोज माहेश्वरी धामपुर एवं प्रचार मंत्री प्रदीप डेजी माहेश्वरी नजीबाबाद चयनित हुए। कार्य समिति सदस्य अजय माहेश्वरी चांदपुर, विजय कुमार माहेश्वरी मेडिकल कोटद्वार, राजदीप माहेश्वरी कोटद्वार, मोहित माहेश्वरी नजीबाबाद, अजय माहेश्वरी एड. नगीना, संदीप माहेश्वरी अफजलगढ़, अभिनंदन माहेश्वरी धामपुर, गौरव माहेश्वरी गंज, सुशील माहेश्वरी मोहम्मदपुर देवमल, एकांश माहेश्वरी बिजनौर एवं श्याम झंवर बिजनौर चुने गए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा कार्य समिति के सदस्य के रूप में शिवकुमार माहेश्वरी एवं विपिन लाहोटी का नाम चयनित हुआ। 3 वर्ष से कार्यरत जिला अध्यक्ष शिवकुमार माहेश्वरी ने नये पदाधिकारीगण एवं नई कैबिनेट को उनके 3 वर्ष के कार्यकाल की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।





# पैदल चलना

## सबसे असरदार व्यायाम!




आज की भाग-दौड़ वाली जिंदगी में लोग जिम, मशीनें और गैजेट्स खोजते रहते हैं, लेकिन आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान, दोनों कहते हैं कि पैदल चलना शरीर का सबसे प्राकृतिक, सुरक्षित और सम्पूर्ण व्यायाम है। न कोई खर्च, न कोई एक्स्ट्रा समय- बस रोज़ 20-30 मिनट की निरंतर चाल आपकी उम्र में सालों को इज़ाफा कर सकती है।

- पैदल चलने से शरीर में लगभग 80 प्रतिशत हिस्से एक्टिव होते हैं।
- दिल मजबूत, फेफड़े साफ, ब्लड प्रेशर संतुलित, शुगर कंट्रोल, पेट की चर्बी कम, नींद बेहतर, दिमाग शांत!
- यह एक ऐसा व्यायाम है जो युवा से लेकर बुजुर्ग तक- हर उम्र के लिए सुरक्षित और अत्यंत प्रभावी है।

### आयुर्वेदिक दृष्टि : 'चालनं सर्वव्याधि नाशकं'

आयुर्वेद के अनुसार पैदल चलना-

- वात को संतुलित करता है,
- हृदय और पाचन को मजबूत करता है,
- अग्नि बढ़ाता है, नींद को सुधारता है,
- शरीर में ऊर्जा प्रवाह सुधारता है।
- यही कारण है कि प्राचीन वैद्यों ने भोजन के बाद 500 कदम चलने की सलाह दी है।



### विज्ञान क्या कहता है?

- रिसर्च बताती है कि रोज़ तेज़ 30 मिनट चलने से-
- हृदय रोग का खतरा 35-40 प्रतिशत कम
- डायबिटीज का रिस्क 30 प्रतिशत कम
- डिप्रेशन 25 प्रतिशत कम
- वजन 2-3 गुना तेजी से घटता है
- जॉइंट्स की जकड़न 40 प्रतिशत कम हो जाती है।

## कब, कितना और कैसे चलें कि फायदे 'दो गुने' मिलें?

### सुबह की तेज चाल : दिन की सबसे शक्तिशाली शुरूआत

**सुबह 5:30 से 7 बजे के बीच की पैदल चाल शरीर को तीन बड़े लाभ देती है-**

⏭ ऑक्सीजन ज्यादा ⏭ दिमाग शांत ⏭ मेटाबॉलिज्म तेज

**कितना :** 20-30 मिनट तेज चाल (Brisk Walk)

**कैसे :** एड़ी से जमीन छुए, कदम सधे हुए, सांस गहरी लें



**दोपहर/शाम की वॉक-खाना पचाने की चाबी**

खाना खाने के बाद 20-25 मिनट बैठना या मोबाइल चलाना पेट की गैस, एसिडिटी और सुस्ती बढ़ाता है। लेकिन खाना खाने के 20 मिनट बाद 500-800 कदम चलना हर रोग का इलाज है।


⏭ गैस नहीं बनेगी ⏭ पेट हल्का ⏭ ब्लड शुगर नियंत्रित ⏭ नींद बेहतर

**रात को हल्की चाल-दिमाग साफ, पेट भी**

रात में 10-12 मिनट की हल्की वॉक शरीर को रीसेट करती है।

⏭ कब्ज मिटती है ⏭ नींद गहरी ⏭ पाचन सुधरता है

**ध्यान रहे-**बहुत तेज नहीं चलना, वरना शरीर एक्टिव हो जाएगा और नींद टूट सकती है।



### कितना चलना 'सबसे परफेक्ट'?

⏭ शुरूआती लोग : 15-20 मिनट

⏭ सामान्य फिटनेस : रोज़ 30-40 मिनट

⏭ वजन घटाना : 45-60 मिनट brisk walking

⏭ डायबिटिक/BP वाले: 2 बार- सुबह 30 मिनट + शाम 20 मिनट

**निष्कर्ष:** आज से 20-30 मिनट अपने लिए निकालें...

आपके कदम आपको बीमारी से दूर, और सेहत के और करीब ले जाएंगे।

## डायबिटीज के मरीज रोज खाएं जामुन

**1. ब्लड शुगर लेवल रहता है कंट्रोल:-** जामुन का ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होता है, जिसका मतलब है कि इसे खाने से खून में ग्लूकोज का लेवल अचानक से नहीं बढ़ता। इसके अलावा, जामुन में जंबोलिन और जंबोसिन नाम के तत्व पाए जाते हैं। ये तत्व शरीर में स्टार्च को शुगर में बदलने के प्रोसेस को धीमा कर देते हैं, जिससे फास्टिंग और खाने के बाद का शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।



**2. इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार:-** रोजाना जामुन खाने से शरीर में इंसुलिन का लेवल बढ़ता है। यह पैन्क्रियाज को सक्रिय करता है, जिससे इंसुलिन का सही मात्रा में उत्पादन होता है और सेल्स ग्लूकोज को बेहतर तरीके से सोख पाती हैं।

**3. बार-बार यूरिन आने में आराम:-** डायबिटीज के मरीजों को अक्सर बहुत ज्यादा प्यास लगने और बार-बार यूरिन आने की समस्या होती है। आयुर्वेद के अनुसार, जामुन में मौजूद एंटी-डायबिटिक गुण इसे कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**4. दिल की सेहत और वजन पर काबू:-** जामुन में पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर होते हैं, जो हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में सहायक है और दिल की बीमारियों के खतरे को कम करता है। जामुन में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जिससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।

**खाने का सही तरीका और मात्रा:-** डायबिटीज के मरीज एक दिन में 80 से 100 ग्राम जामुन का सेवन कर सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जामुन खाने के बाद उसकी गुठली को फेंकें नहीं। सुखाकर इसका पाउडर बनाएं और सुबह खाली पेट गुनगुने पानी के साथ लें। इससे शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा।

## विज्ञान बिना बारिश की सटीक भविष्यवाणी

### इस चिड़िया के अंडे देख ग्रामीण भांप लेते हैं मौसम का हाल

अजब-गजब



क्या आपने कभी सोचा है कि बिना किसी सैटेलाइट और रडार के सिर्फ एक छोटे से पक्षी के अंडों को देखकर यह बताया जा सकता है कि इस साल बारिश कैसी होगी. जी हां, डिजिटल इंडिया के इस दौर में भी देश के ग्रामीण इलाकों में एक ऐसी अनोखी परंपरा जिंदा है, जो आधुनिक मौसम विज्ञान को भी हैरान कर देती है. विंध्य क्षेत्र के गांवों में किसान आज भी टिटहरी पक्षी के अंडों की स्थिति देखकर मानसून का एकदम सटीक देसी अंदाजा लगा लेते हैं। पीढ़ियों से चला आ रहा यह पारंपरिक ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पहले था। ग्रामीण इलाकों में टिटहरी के अंडों की संख्या का सीधा कनेक्शन मानसून के महीनों से जोड़ा जाता है। अमूमन टिटहरी चार अंडे देती है, जिसे हमारे बुजुर्ग चार महीने के मानसून यानी चौमासे का प्रतीक मानते हैं। मान्यता के अनुसार, हर एक अंडा मानसून के एक खास महीने जैसे आषाढ़, सावन, भादो और क्वार में होने वाली बारिश की स्थिति को बयां करता है। स्थानीय किसान अंशुमान सिंह बताते हैं कि यह कोई अंधविश्वास नहीं बल्कि हमारे पूर्वजों का प्रकृति को करीब से समझने का एक बहुत ही गहरा और दिलचस्प जरिया है।

# भाजपा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया


बैठक को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि मोनिका रुस्तम।

**नगीना (चिंगारी)।** भाजपा के नगीना मंडल की बैठक में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। रविवार की दोपहर लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में आयोजित भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष व नगीना मंडल की प्रभारी मोनिका रुस्तम ने बैठक में मौजूद मंडल के सभी पदाधिकारियों, सेक्टर संयोजकों एवं सेक्टर प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के गौरवशाली 12 वर्षों की उपलब्धियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने का काम हम सभी को मिलकर करना है। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बैठकर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं मंडल कार्यों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लगातार तीसरी बार यूपी में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए दिन-रात कठिन परिश्रम करने का भी संकल्प दिलाया। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने अतिथि गृह परिसर में कई फलदार व छायादार पौधे भी लगाए। बैठक में पूर्व विधायक सतीश गौतम ,जिला उपाध्यक्ष फूल सिंह चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, प्रमोद चौहान, मंडल अध्यक्ष अंजलि मित्तल, पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ मित्तल, शिव शंकर सक्सेना, महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, लवी मित्तल, अभिषेक अग्रवाल, अनुज वर्मा, सोहन सैनी आदि मौजूद रहे।

# सफाईकर्मियों को पुरस्कृत किया



**नगीना (चिंगारी)।** बकरीद के मौके पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने में महत्वपूर्ण योगदान निभाने वाले वार्ड के सफाईकर्मियों को एक सादे कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। रविवार की दोपहर मोहल्ला लुहारी सराय में स्थित एक मदरसा में समाजसेवी आफताब मुल्तानी की तरफ से आयोजित सम्मान कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ. दाऊद मुल्तानी,काष्ठकला उद्यमी इरशाद अली मुल्तानी,आफताब मुल्तानी ने अपने हाथों से नगर पालिका के सहायक लिपिक रोहित कुमार, सफाई नायक अरुण कुमार, विक्रम सिंह, गौतम कुमार,अश्वनी कुमार, अमन कुमार, राहुल कुमार, पुष्पा देवी, रेखा देवी, सुनीता, दीपा, पिंटू कुमार आदि को पुरस्कृत किया। वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने बकरीद के मौके पर नगर के प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में अपना अहम योगदान दिया है। उन्होंने हर धर्म के पर्वों पर सफाई कर्मियों द्वारा किए जाने वाले कार्य की जमकर प्रशंसा की।

# जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर (चिंगारी)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बॉबी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर मुहल्ला काजीजादगान स्थित लखनऊ नर्सिंग होम पर आयोजित कार्यक्रम में केक काटा गया और जिलाध्यक्ष बॉबी की दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा डा. सुनील कुमार गोतम, भावी प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र चांदपुर शिवली खान, डा. महेंद्र कुमार गौतम, पंकज कुमार प्रजापति,चेतन कुमार, दीपक चौहान, सलोनी चौहान, मीनू चौधरी, प्रियंका सिंह, हर्षिता चौहान आदि मौजूद रहे।

# अनमोल अग्रवाल का प्रवक्ता हेतु चयन



## पीएम मोदी ने दिया नियुक्ति-पत्र

**बिजनौर (चिंगारी)।** साहित्य विहार बिजनौर निवासी अजय अग्रवाल के पुत्र अनमोल अग्रवाल का चयन प्रवक्ता (रसायन विज्ञान) पद हेतु दमन में हुआ है। दादरा नगर हवेली व दमन प्रशासन द्वारा आयोजित परीक्षा में अनमोल ने 84.75 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। गत 5 जून को स्पोर्ट्स स्टेडियम दमन में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनमोल को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। अनमोल अग्रवाल की माध्यमिक शिक्षा मॉर्डन एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर तथा उच्च शिक्षा सेंट स्टीफेंस कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी से हुई है। अनमोल अग्रवाल के पिता श्री अजय अग्रवाल नजीबाबाद तहसील में राजस्व निरीक्षक पद पर तैनात हैं। अनमोल का छोटा भाई राघव सॉफ्टवेयर इंजीनियर है तथा माता प्रीति अग्रवाल केपीएस इंटर कॉलेज बिजनौर में शिक्षिका हैं। अनमोल ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं परिवारजनों को दिया है। चिंगारी परिवार अनमोल के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया



**नांगल सोती (चिंगारी)।** हरचंदपुर के ग्रामीणों ने भीषण गर्मी में बिलबिला रहे लोगों को राहत प्रदान करने के लिये उन्हें शरबत पिलाया। देव कुमार, कामेन्द्र मिस्त्री, मोनू, रजनीश, कंचन आदि का सहयोग रहा।




# प्रतिभाओं को सम्मानित करेगा ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन



**बिजनौर (चिंगारी)।** ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन की मासिक मीटिंग जिला महामंत्री सुनील भारद्वाज के साहित्य विहार स्थित आवास पर पवन शर्मा एड. की अध्यक्षता एवं सुनील भारद्वाज के संचालन में सम्पन्न हुई। जिला कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा दानी ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति कक्षा 10 व 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं एवं इस वर्ष विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्त हुए ब्राह्मण बंधुओं को ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन, पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती के अवसर पर सम्मानित करेगा। फाउंडेशन के संरक्षक विनोद शर्मा ने सभी बंधुओं से उच्च शिक्षा के साथ-साथ अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने पर बल दिया। मीटिंग में मंडल अध्यक्ष डॉ. संजीव शर्मा दानी, मंडलीय महामंत्री क्रांति कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दीपक वशिष्ठ, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन गौड़ एड., अवि शर्मा, सुनील अग्निहोत्री, घनश्याम शर्मा, शुभम गौड़, विपिन शर्मा, पंकज शर्मा आदि अनेक ब्राह्मण उपस्थित रहे।



# आधुनिक खेती से बढ़ी उत्पादकता

## माटी संस्था के प्रयास को सराहा नाबार्ड ने

**नांगल सोती (चिंगारी)।** माटी संस्था के मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग से बिजनौर जनपद के किसान मिश्रित कृषि एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर लौकी, तोरी, कद्दू, खीरा सहित विभिन्न सब्जियों का सफल उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। किसानों के इन नवाचारपूर्ण प्रयासों एवं उपलब्धियों का अवलोकन करने हेतु नाबार्ड, बिजनौर के जिला विकास प्रबंधक डॉ. भूपेशी पुनेरा ने क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि मिश्रित कृषि प्रणाली किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल एवं लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। माटी संस्था की वैज्ञानिक डॉ. अंकिता राजपूत, डॉ. वेद कुमार एवं सुनीत कुमार उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा, खेत में टूटे पड़े हाईवोल्टेज तार के करंट से युवक की मौत



## तीन घंटे रही सड़क जाम, परिजनों सहित ग्रामीणों का रहा हंगामा

मंडावर ( चिंगारी )। ग्राम खलीलापुर उर्फ खिरनी में बिजली विभाग की लापरवाही से खेत में टूटे पड़े हाईवोल्टेज तार की चपेट में आकर किसान का जवान बेटा मौत के मुंह में समा गया। इस घटना से गांव में शोक और उसके परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम खलीलापुर उर्फ खिरनी निवासी जयदेव पुत्र सतीश (20 वर्ष) कल दोपहर अपने खेत में गया था। खेत में पिछले 3-4 दिन से 11 हजार लाइन का तार टूटा पड़ा था, जिसकी गांव के लोगों ने बिजली विभाग से शिकायत भी की थी। लेकिन बिजली विभाग ने कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई और तार को नहीं जोड़ा। कल किसान का बेटा जयदेव अपने खेत में पहुंचा तो खेत में पड़े हाईवोल्टेज बिजली करंट की चपेट में आ गया, करंट लगते ही उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने मंडावर बालावाली रोड के बीच में मृतक का शव रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार पहुंचे और घटना के संबंध में विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए चक्का जाम खुलवाया। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर घर से निकालने का आरोप

चांदपुर ( चिंगारी )। एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज में 2 लाख रूपए व मोटरसाइकिल की मांग करने तथा मांग पूरी न होने पर उसको मारपीट कर घर से निकाल देने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम किरतपुर निवासी संगीता ने बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व मनिकांत के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में 2 लाख रूपए व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। विवाहिता ने बताया 22 अप्रैल को ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया तथा दो लाख रुपए व मोटरसाइकिल लेकर ही घर वापस आने को कहा। विवाहिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति मनिकांत, ससुर पुष्पेन्द्र, सांस गीता, देवर शगुन, ननद गुरजीत व रोहनी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# हमले के आरोपी को गिरफ़्तार किया

**मंडावर ( चिंगारी )। स्थानीय पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना में इस्तेमाल अवैध चाकू समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने वादी के साथ गाली-गलौज के बाद धारदार हथियार से गर्दन पर वार किया था। शाकिर पुत्र नफीस अहमद निवासी मौहल्ला कस्साबान ने थाने में तहरीर दी थी। शिकायत के अनुसार आरोपी शाहनवाज पुत्र नसरुद्दीन ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष संजय तोमर ने मामले की पुष्टि की है।**

# पॉलीथीन के विरुद्ध चलाया अभियान



पॉलीथीन एकत्रित करते शाह आलम मलिक।

नूरपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपला जागीर के प्रधान शाह आलम मलिक द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर पॉलीथीन बैग के विरुद्ध गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लोगों को समझाया गया कि वे प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े या जूट के थैले इस्तेमाल करें। साथ ही गांव को साफ-सुथरा और प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया गया। इस अभियान में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लिया। यह अभियान हमारे गांव को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में एक अच्छा प्रयास है। ग्राम प्रधान ने ग्रामवासियों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पौधरोपण करने का भी आह्वान किया है।

# गुलदार ने मोटर साइकिल पर झपट्टा मारा, दो युवक घायल

चांदपुर ( चिंगारी )। कल देर शाम बिजनौर से दवाई लेकर मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहे दो युवकों पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। युवकों ने किसी तरह से मोटरसाइकिल दौड़ाकर अपनी जान बचाई। घटना



युवक के पैर पर लगे गुलदार के पंजे के निशान।

से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्राम भवानीपुर गगरेन निवासी नितिन कुमार व अभिषेक कुमार रविवार की शाम को बिजनौर से दवाई लेकर मोटरसाइकिल से अपने घर आ रहे थे। ग्राम गदनपुरा के नजदीक गुलदार ने मोटरसाइकिल पर हमला कर दिया। गुलदार द्वारा अचानक से किये गये हमले से दोनों युवक मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। लेकिन उन्होंने साहस का परिचय देते हुए उठकर मोटरसाइकिल दौड़ा दी। कुछ दूर तक गुलदार ने उनका पीछा भी किया। बता दें कि पिछले माह शुगर मिल परिसर स्थित आवासीय कालोनी से दो दिन में दो गुलदार पिंजरे में कैद हो जाने के बाद भी अभी भी एक गुलदार मिल परिसर में स्थित आवासीय कालोनी में घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि वन विभाग ने वहां पिंजरा लगा रखा है, लेकिन गुलदार उसमें फंस नहीं पा रहा है। कालोनीवासी भयभीत हैं।

# फोन व मैसेज कर परेशान कर रहे

चांदपुर ( चिंगारी )। एक व्यक्ति ने गांव के ही दो युवकों पर उसकी पुत्री को फोन व मैसेज कर परेशान करने तथा गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गांव के ही गौरव व रूजिल पर उसकी 16 वर्षीय पुत्री को कॉल व मैसेज करके परेशान करने तथा गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# राहगीरों को जल पिलाया



चांदपुर ( चिंगारी )। सामाजिक संस्था अब्दुल वाहिद मोमेरियल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सबील लगाकर राहगीरों में ठंडे पानी की बोतलें वितरित कीं। इस नेक काम में हाजी मोहम्मद इल्तिफ़ात, खुर्शीद अख्तर, मोहम्मद शरीफ नाजिर, गुफ़रान अहमद, मौ. इफ्तिखार, हाफिज अब्दुल रहमान, मोहसिन अली, नवजोत सिंह सिद्धू, विक्की, मास्टर जावेद, मास्टर इदरीस, मौ. अजीम, आबिद खान, मोहम्मद अशरत उस्मानी, डा. मोहम्मद शुएब, नादिर बैग एड., अशिष चौधरी, चंचल कुमार, उत्तर कुमार, मोहम्मद फैज आदि का सहयोग रहा।

# बस व कार की टक्कर में महिला सहित चार घायल

**स्योहारा ( चिंगारी )। देहरादून से आ रही मुरादाबाद डिपो की बस व कार की आमने सामने की टक्कर हो गयी, जिसमें एक महिला सहित चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। टक्कर इतनी भीषणथी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार विनित कुमार पुत्र नरेश निवासी मोहल्ला बंसतगढ़, अंश कुमार पुत्र जबरसिंह निवासी जनपद अमरोहा,रमन पुत्र सत्यपाल निवासी जनपद अमरोहा कार में मुरादाबाद की ओर से स्योहारा जा रहे थे। जैसे ही कार सरकारी अस्पताल के सामने पहुची तो पास ही खडे ट्रक से बचाने के लिए कार को साईड किया जिसपर सामने से आ रही मुरादाबाद डीपो की बस व कार की आमने-सामने की टक्कर हो गयी। कार मे बैठे तीनों को युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें राहगीरों ने समय रहते सरकारी अस्पताल पहुचाया। चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देखते हुए तीनों युवकों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर बस में सवार देहरादून निवासी अंकिता पत्नी नारायण सिंह से घायल हो गयी। पुलिस ने घायल महिला को प्रार्थमिक उपचार दिलाने के बाद से उसके गतंव्य स्थान को रवाना किया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है घायलों को अस्तपताल भेज दिया है।**

# मासिक बैठक में सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

नूरपुर ( चिंगारी )। रविवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की मासिक बैठक सहकारी गन्ना समिति में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला महामंत्री नरेश भाटी का नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने पटका पहनाकर स्वागत किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए नरेश भाटी ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की नीतियों व सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। बैठक के उपरांत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत सहकारी गन्ना समिति में पौधारोपण किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, जिला सहकारी संघ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, मंडल महामन्त्री वीरप्रकाश भुइयार, नगर महामंत्री प्रणयमनु गुप्ता, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, प्रेमपाल सिंह रवि, गजेंद्र सैनी, प्रमोहन चौहान, गुरविंदर सिंह, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश चौहान, सुरेंद्र पाल, विनोद वाल्मिकी, सैक्टर संयोजक हितेंद्र सिंह, ठकरी सिंह, ईशमपाल चौधरी, पुनित चौधरी, हरभजन सिंह, डॉ. शीला राणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गन्ना समिति परिसर में पौधरोपण करते भाजपाई।

# बिजली वालों के साथ मारपीट

हल्दौर (चिंगारी)। विद्युत व्यवस्था बाधित होने पर बिजली घर हल्दौर पर कुछ व्यक्तियों द्वारा हंगामा करते हुए ड्यूटी पर मौजूद स्टॉफ के साथ गाली गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है, जिसको लेकर बिजली घर के स्टॉफ में रोष फैल गया और उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई न होने पर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

बिजली घर के जेई गौतम कुमार द्वारा थाने में दी गई तहरीर में अवगत कराया गया हैं कि रात्रि करीब 11:45 बजे कुछ व्यक्ति बिजलीघर पहुंचे और मौके पर मौजूद स्टॉफ से रात्रि में ही बिजली बहाल करने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि स्टॉफ द्वारा फाल्ट ढूंढने में आ रही समस्या बताने पर उन्होंने स्टॉफ के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जिस पर एसएसओ प्रिंस, लाइनमैन आनंद और जतिन चोटिल हो गये और उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर बामुश्किल मामला शांत कराया। जेई द्वारा पुलिस से उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की गई हैं। घटना की सूचना मिलने पर बिजली घर के समस्त स्टॉफ में रोष फैल गया और उन्होंने रविवार को बिजली घर पर एकत्रित होकर पुलिस से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की, अन्यथा की स्थिति में हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। इस मौके पर आनंद कुमार, प्रिंस कुमार, राम अवतार सिंह, भोले सिंह, दिग्विजय सिंह, शैलेश कुमार, अंकित कुमार, शिवम, अनुज, भूपेन्द्र सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी

### मारपीट निंदनीय-एसडीओ

*एसडीओ अभय कुमार का कहना है कि बिजली घर का समस्त स्टॉफ इस भीषण गर्मी में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने हेतु दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहा हैं। उनके साथ मारपीट होना निंदनीय हैं। घटना की तहरीर जेई द्वारा थाने में दे दी गई हैं।*

# श्री सिद्ध पीठ सती माता मंदिर में गूंजी रामकथा

## ताड़का वध और सीता विवाह के प्रसंग पर भावविभोर हुए श्रद्धालु



### भक्तिमय हुआ माहौल

*कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के प्रांगण में जिले के कौने-कोने से आए श्रद्धालु भीष्म सिंह, विनय अरोड़ा, किशोरी लाल (चांदपुर) डॉक्टर छत्रपाल, ज्ञानचंद, ज्ञानवीर (किरतपुर), डॉक्टर संजय त्यागी सिसौना, लोक कलाकार निशांत शर्मा, आर्य समाज के भजन उपदेशक कुलदीप विद्यार्थी, कथा वाचक श्री कुलदीप के साथ उनकी पत्नी कविता आर्या और बिटिया ऋषिका आर्या के मधुर भजनों ने सभी को भाव विभोर कर दिया।*

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झाल-उलेढा स्थित सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री सिद्ध पीठ सती माता मंदिर के प्रांगण में चल रही भव्य श्री रामकथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्री कुलदीप जी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान श्री राम के बाल्यकाल और विवाह प्रसंग का ऐसा सजीव वर्णन किया कि पूरा पांडल 'जय श्री राम' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ करते हुए पूज्य महाराज श्री ने बताया कि जब राक्षस ऋषियों के यज्ञ में विघ्न डाल रहे थे, तब उनके यज्ञ की रक्षा के लिए महर्षि विश्वामित्र अयोध्या नरेश राजा दशरथ के पास श्री राम और लक्ष्मण को मांगने पहुंचे। पिता दशरथ ने भारी मन से अपने प्राणों से प्रिय पुत्रों को ऋषि के साथ विदा किया। मार्ग में आगे बढ़ते हुए ऋषि विश्वामित्र ने प्रभु श्री राम को दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित किया। इसके बाद भगवान राम ने वन में आतंक का पर्याय बनी राक्षसी ताड़का का वध कर ऋषियों को भयमुक्त किया। कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए महाराज श्री ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम द्वारा गौतम ऋषि की पत्नी माता अहिल्या के उद्धार का प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इसके पश्चात कथा में राजा जनक की नगरी मिथिलापुरी में आयोजित सीता स्वयंवर का अत्यंत सुंदर वर्णन किया।

# जहां माया है, वहां परमात्मा नहीं हो सकता - सदगुरू सुदीक्षा



हल्दौर (चिंगारी)। इंसानी रूप का ही जन्म परमात्मा का रूप हैं, भक्ति की शुरुआत भी अपने घर से होती हैं,जब इंसान का परमात्मा से नाता दूर जाता है तो फिर वह शिकवे शिकायत नहीं करता। यह विचार संत निरंकारी मंडल हल्दौर द्वारा नवीन मंडी समिति में आयोजित सत्संग में ऑडियो के माध्यम से सद्गुरू सुदीक्षा जी महाराज ने कहे। महाराज जी ने कहा कि जिसको हम देख रहे है वह सभी माया का ही रूप हैं, जहां माया है, वहां परमात्मा नहीं हो सकता। सत्संग में अन्य वक्ताओं ने अपने विचारों में कहा कि दुनिया माया है। इससे उठकर इंसान को सेवा, सुमरन और सत्संग करना चाहिए। सेवा ही सभी काष्ठो का निवारण हो जाता हैं, एक दूसरे की मदद करना भी इंसान का ही परम उद्देश्य होता हैं, इंसान की मदद ही ईश्वर की सेवा हैं। सत्संग उपरांत मिशन द्वारा मंडी समिति के गेट पर राहगीरों को भरी दोपहर में शरबत पिलाया गया। जिसकी सभी ने सराहना भी की। शरबत सेवा में जगत, कुलदीप, अनुराग, शिवम, उज्जवल, नेतराम, आदेशा, निशा व तनु आदि का सहयोग रहा।

## सत्संग के बाद शरबत की सेवा की

# कोल्ड ड्रिंक पीकर परिवार के आठ लोग बीमार

हल्दौर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव शफीपुर हीरा में कोल्डड्रिंक पीने के बाद एक ही परिवार के आठ लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। फूड प्वाइजनिंग की आशंका के चलते उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सको ने उनकी हालत में सुधार न देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया। शनिवार की रात गांव निवासी शहाबुद्दीन के परिवार की शबीना (35), सादमा (30), अमरीन (22), शाकिब (16), शाद (14), फैज (11), जैद (8), कासिफ (5) ने खाना खाने के बाद कोल्डड्रिंक का सेवन किया और सोने चले गए। रविवार सुबह काफी देर तक परिवार के सदस्य नहीं उठे तो परिजनों और पड़ोसियों को चिंता हुई। ग्रामीणों के अनुसार पड़ोसियों ने किसी तरह घर के अंदर पहुंचकर देखा तो सभी की हालत बिगड़ी हुई थी। तुरंत सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर में भर्ती कराया गया। जहां से उनकी हालत में सुधार न देखते हुए उन्हें बिजनौर भेज दिया। परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को भी दी। चिकित्सको को प्रारंभिक तौर पर मामला फूड प्वाइजनिंग से जुड़ा माना गया है।

# गोविंदा मॉर्निंग क्लब ने मनाया 'राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ मित्र दिवस'



बिजनौर (चिंगारी)। गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर ने को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में प्रात: कालीन वॉकिंग एवं योग के पश्चात प्रात: 7:30 बजे 'राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ मित्र दिवस' मनाया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें राकेश कुमार शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान में मित्र ही एक ऐसा रिश्ता हैं, जो आपके सुख-दुख में आपके करीब रहकर आपका सदैव सहयोग करता है इसलिए, सर्वश्रेष्ठ मित्र दिवस एक दिन नहीं बल्कि नहीं वर्ष भर मनना चाहिए ताकि मित्रता बनी रहे। इस अवसर पर सभी मित्रों ने कुल्हड़ वाली चाय का भी आनंद लिया। राकेश कुमार शर्मा, डा. प्रमोद कुमार गंज वाले, सेवानिवृत सी. ओ. एमपी सिंह, इंजीनियर चरण सिंह, राकेश कुमार रस्तोगी, कमल वीर सिंह, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक आशाराम सिंह, संजीव कुमार बिश्नोई, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, अशोक कुमार यादव, संजीव कुमार शर्मा, देवेश कुमार, अवनीश ठाकुर, एडवोकेट संजीव अग्रवाल, एडवोकेट मुकुल राठौर, सेवानिवृत पुलिस पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह, विपिन अग्रवाल, रतिराम सिंह सेवानिवृत पुलिस निरीक्षक रामेंद्र सिंह, एडवोकेट राजीव चौहान एवं केपी सिंह फौजी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बहुत हुई महंगाई की मार, अब रहम करो सरकार!

**नांगल सोती (चिंगारी)। घरेलू गैस के दाम बढ़ाकर सरकार ने आम आदमी की रसोई का बजट और ज्यादा बिगाड़ दिया है। सुरसा के मुंह की भांति लगातार बढ़ती जा रही महंगाई ने गरीब आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है।**

सरकार ने घरेलू गैस के दाम एक बार फिर से बढ़ाकर आम आदमी को जोर का झटका दिया है। 14.2 किग्रा के घरेलू गैस सिलेंडर को रिफिल कराना अब 29 रुपये महंगा कर दिया गया है। दाम बढ़ाये जाने से पूर्व यहां रिफिल एचपी गैस सिलेंडर के दाम 926 रूपये तथा इंडेन गैस सिलेंडर के दाम 927.50 रुपये थे। दाम बढ़ने के बाद एचपी गैस सिलिंडर 955 रूपये में और इंडेन गैस सिलिंडर 956.50 रूपये में रिफिल होगा। जबकि महंगाई से बेहाल आम जनता घरेलू गैस के दाम घटाये जाने की मांग कर रही थी। बढ़े एलपीजी के दामों ने आम आदमी की रसोई का बजट और ज्यादा बिगाड़ दिया है। काफी संख्या में लोगों ने लकड़ी के चूल्हे का रुख कर लिया है। एलपीजी सिलिंडर रिफिल कराना गरीब जनता के लिये मुश्किल हो गया है। गरीब घरों की महिलायें लकड़ियां बीनने जंगल जा रही हैं। स्थानीय वन क्षेत्र में प्रतिदिन काफी संख्या में गरीब महिलायें लकड़ियां लेने जंगल जाती हैं।

### जनता कर रही त्राहिमाम



*रसोई गैस के बढ़े दामों पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जिला मंत्री का. विजेन्द्र सिंह का कहना है कि सरकार ने एक बार फिर गैस के दाम बढ़ा दिये हैं जबकि गरीब जनता पहले से ही महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। तीन माह में 89 रूपये बढ़ाना निम्न वर्ग के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये भी बड़ा झटका है। जबकि पेट्रोल, डीजल के दाम पहले ही बढ़ा दिये गये हैं। डीजल के दाम बढ़ने से खाद्य पदार्थो सहित सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं। बिजली के रेट भी बढ़े हुए हैं।*

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा छोटा भाई योगेश कुमार व उसकी पत्नी ऋतु जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे भाई व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्यों का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। अब मेरा व मेरे परिवार वालों का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। **- राजकुमार पुत्र स्व. प्रकाश सिंह, निवासी ग्राम मौहम्मदपुर लोहर्रा, थाना मण्डी धनौरा, जिला अमरोहा, हाल निवासी ब्लाक संख्या 28/334 काशीराम कालोनी आवास विकास बिजनौर।**

# व्यापारी किसी के बहकावे में न आएं, हेल्प डेस्क का सीधा लाभ उठाएं

## राज्य कर विभाग का व्यापारी संवाद कार्यक्रम

नजीबाबाद (चिंगारी)। राज्य कर विभाग, नजीबाबाद द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निवारण व टैक्स प्रणाली को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन नगर की अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता राज्य कर विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री साधना चौहान द्वारा की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों, कर अधिवक्ताओं, सीए व स्थानीय व्यापारियों ने भाग लिया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सुश्री साधना चौहान सहायक आयुक्त राज्य कर नजीबाबाद ने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों को उत्पीड़न मुक्त व पारदर्शी व्यापारिक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्पष्ट किया कि विभाग का उद्देश्य केवल राजस्व संग्रह करना नहीं, बल्कि व्यापारियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व व्यापारी।

बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान जीएसटी पोर्टल के नये फीचर्स, पंजीयन, ई-वे बिल व इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े गये नियमों की विस्तृत जानकारी दी। व्यापारी प्रतिनिधियों ने जीएसटी के अन्तर्गत आने वाली समस्याओं से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए। विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों की शंकाओं का मौके पर ही समाधान कर नीतिगत मामलों को उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपील की कि वे किसी भी बहकावे में न आयें विभाग की अधिकारिक वेबसाइट व हेल्प डेस्क का सीधा लाभ उठाएं।

तरमेन्द्र सिंह राज्य कर अधिकारी, दुरविजय सिंह राज्य कर अधिकारी, राजपाल सिंह राज्य कर अधिकारी, प्रदीप सिंह राज्य कर अधिकारी, चन्द्र प्रकाश सिंह प्रधान सहायक, शाह नवाज वरिष्ठ सहायक, निखिल कुमार वरिष्ठ सहायक, कपिल सर्राफ जिलाध्यक्ष, उ0प्र0 उद्योग व्यापार संगठन, अंकित राजपूत नगर अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल, संजीव अग्रवाल प्रदेश मंत्री व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान, राजन टण्डन गोल्डी प्रदेश मंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल, शेर अली खान युवा नगर अध्यक्ष, श्रीमती लीना सिंघल भाजपा नेत्री, जुनैद अंसारी, सोनू आदित्य, संजीव माहेश्वरी अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएसन नजीबाबाद एवं अधिवक्तागण, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट आदि मौजूद रहे।

## विजन कॉलेज के छात्रों ने किया विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण



नजीबाबाद (चिंगारी)। विजन कॉलेज नजीबाबाद के छात्र-छात्राओं ने विज़न कॉलेज नजीबाबाद एवं विश्वविद्यालय के बीच एक विशेष कार्यक्रम के तहत निदेशक डॉ. मौ. अय्यूब के मार्गदर्शन एवं मौ. आमिर खान के विशेष सहयोग से राजस्थान के अलवर जिले में स्थित सनराइज विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होकर मेहनत व लगन से सम्पूर्ण परीक्षा में भाग लिया। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी संकायों की गहनता से जानकारी प्राप्त की। सभी छात्र-छात्राओं ने इस 3 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण में परीक्षा, खेलकूद एवं आपसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस शैक्षिक भ्रमण में अदीबा नाज, रूफैदा खान, फीहा नाज, अयान रजा, शाहजेब, मौ0 शैज, अजीम अहमद, जेन्टिल, अनुज कुमार ने भाग लिया। विज़न कॉलेज के निदेशक डॉ. मौ. अय्यूब ने बताया कि आज की शिक्षा का दौर ग्लोबल एजुकेशन का समावेशी दौर है। छात्र-छात्राओं में इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से विभिन्न प्रकार की नई-नई जानकारियां प्राप्त होती है। इस महत्वपूर्ण शैक्षिक भ्रमण को सफल बनाने में मौ. आमिर खान, श्रीमती डॉ. जरीन अख्तर, आशु खान, मौ. तालीम खान एवं विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्टों का वितरण किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक मौहल्ला पठानपुरा में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह द्वारा दी गई नजीबाबाद विधानसभा की वोटर लिस्टों का बूथ लेवल पर कार्यकर्ताओं को वितरण किया गया। नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर कैम्प लगाकर वोटरों के नामों की जांच करें ताकि कटे हुए वोट लिस्ट में जुड़े सके। बैठक की अध्यक्षता रईस कुरैशी एवं संचालन महासचिव नदीम फारूकी ने किया। बैठक में जिला सचिव एम. अकरम खां एडवोकेट, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, डॉक्टर सलीम सैफी, डॉक्टर अनस, मंडल अध्यक्ष शिताब खां, परवेज अली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जीशान सैफी, नईमुल अख्तर आदि मौजूद रहे।



## कौमी उर्दू शिक्षक संघ ने इल्तिमा रिजवान को सम्मानित किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के बैनर तले गालिब एकेडमी हजरत निजामुद्दीन दिल्ली के प्रोग्राम में इल्तिमा रिजवान को सम्मानित किया गया। इनके अलावा मेधावी बच्चों के मोटिवेशनल प्रोग्राम में नजीबाबाद सेंट मैरी स्कूल से 94 प्रतिशत रिजल्ट के साथ टॉपर बच्चों में शामिल डॉक्टर शहला अंजुम व डॉक्टर मोहम्मद रिजवान की बेटी, इल्तिमा रिजवान को सम्मानित किया गया। डाक्टर जियाउर्रहमान हेड ऑफ डिपार्टमेंट उर्दू अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ, रशीद अनवर सिद्दीकी पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी नजीबाबाद एवं वर्तमान प्रमोटेड बीएसए द्वारा सर्टिफिकेट व मोमेंटो देकर तथा शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक क्विज प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अब्दुल हक, कश्मीर यूनिवर्सिटी, जियाउर्रहमान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, एडवोकेट इरशाद अहमद हाईकोर्ट महाराष्ट्र, नईम अहमद लखीमपुर खीरी, ओबेदुर्रहमान कुरैशी छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश स्टेट कमेटी से डॉक्टर शहला अंजुम व डॉक्टर मोहम्मद रिजवान आदि उपस्थित रहे। प्रोग्राम के संयोजक व कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वासिल चैधरी द्वारा सभी का शुक्रिया अदा किया गया।

## दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिले पीयूष राज

### हर संभव सहायता और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया



**नहटौर (चिंगारी)।** दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री पीयूष राज ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। पीयूष राज ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और कहा कि इस मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा तेजी से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना पार्टी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मामले की सभी स्तरों पर निगरानी की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार के सख्त रुख के चलते मामले में कार्रवाई तेज हुई है और प्रशासनिक स्तर पर त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और उन्हें हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# दिल्ली अग्निकांड मामले में शेफ केशव नेगी की गिरफ्तारी से गरमाई उत्तराखण्ड की सियासत

## कांग्रेस ने कार्रवाई पर सवाल उठाये

**देहरादून ( चिंगारी )।** दिल्ली के मालवीय नगर अग्निकांड में उत्तराखंड निवासी शेफ केशव नेगी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके बाद उत्तराखण्ड की सियासत पूरी तरह से गर्मा गयी है। मालवीय नगर अग्निकांड में शेफ केशव नेगी की गिरफ्तारी को लेकर लोगों में आक्रोश है। राजनीतिक दलों ने भी केशव नेगी के लिए न्याय की मांग की है।

उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शेफ केशव नेगी की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार से जल्द इस मामले में हस्तक्षेप किए जाने की मांग की। गणेश गोदियाल ने कहा कि मालवीय नगर के होटल में हुए अग्निकांड से पीछा छुड़ाने के लिए जिम्मेदार विभागों ने केशव नेगी को गिरफ्तार किया है। गणेश गोदियाल ने कहा कि इस दुखद घटना के बाद जिस तरह की कार्रवाई सरकार ने की,वो और भी कष्टदायी है। दिल्ली पुलिस ने केशव नेगी नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। केशव नेगी इसी होटल में शेफ के तौर पर काम किया करते थे वे मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले हैं। उनको गिरफ्तार करते हुए यह आरोप लगाया गया है कि होटल में लगी आग को बुझाने में उन्होंने अपना कोई योगदान नहीं दिया। अब सवाल यह उठता है कि क्या फायर ब्रिगेड की जिम्मेदारी केशव नेगी के पास थी। गणेश गोदियाल ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार केशव नेगी होटल में शेफ थे। आग बुझाने का काम उनका नहीं था। उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है कि दिल्ली सरकार अपना पीछा छुड़ाने के लिए साधारण नौकरी करने वाले व्यक्ति को इस मामले में दबोच रही है। उन्होंने दिल्ली सरकार से इस मामले पर हस्तक्षेप करते हुए तत्काल केशव नेगी को रिहा करने की मांग की। साथ ही गणेश गोदियाल ने अग्निकांड में मारे गए लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस मामले में हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने भी दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से बात की है। जिसमें उन्होंने मामले की निष्पक्ष, गहन एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने की मांग की है।


शेख केशव नेगी

बता दें 3 जून को मालवीय नगर के होटल में सुबह करीब आठ बजे भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में बेसमेंट में फंसे 21 लोगों की धुएं और आग की चपेट में आने से मौत हो गई थी। साथ ही दर्जनों लोग घायल हो गए थे। मरने वालों में ज्यादातर विदेशी थे। इस मामले में पहले ही होटल के मालिक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपक बडोला की स्मृति में खो-खो प्रतियोगिता प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा के पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. दीपक मोहन बडोला की स्मृति में दुगड्डा में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जा रहा है। उद्घाटन मुकाबले में बागेश्वर की टीम ने टिहरी को 6-0 से हराया। स्व. दीपक मोहन बड़ोला मोमोरियल संस्थान की ओर से जीआईसी दुगड्डा में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन गढ़वाल रेजिमेंटल सेंटर लैंसडौन के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, बीईएल के महाप्रबंधक अंबरीष त्रिपाठी, पालिकाध्यक्ष शांति बिष्ट, कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला व शिक्षाविद राम प्रसाद बडोला ने किया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप बडोला ने कमांडेंट को ज्ञापन सौंपकर बहेड़ी खेल मैदान को बच्चों के लिए खोलने की मांग की। तत्पश्चात प्रतियोगिता के पहले मैच में बागेश्वर की टीम ने टिहरी को 6-0 और दूसरे मैच में नैनीताल ने हल्द्वानी को 4-0 से पराजित किया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप बडोला ने बताया कि प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में 22 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इस अवसर पर जागेश्वर जोशी, योगेश्वर बिष्ट, संजीव कपूर, राहुल जैन और प्रमोद अग्रवाल सहित स्थानीय जनता मौजूद रही।

# झटरी गांव में हुआ प्रवासी एवं अप्रवासी ग्रामीणों का पारिवारिक मिलन समारोह

## गांव के मेधावी छात्र-छात्राएं किये सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा झटरी में आयोजित तीन दिवसीय पारिवारिक मिलन समारोह का समापन हो गया है। समारोह में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीणों ने शिरकत की। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद बलोदी ने बताया कि वर्ष 2022 से गांव के प्रवासी एवं अप्रवासी भाई-बंधुओं तथा ग्रामवासियों के सामूहिक मिलन, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। बताया कि समारोह के प्रथम दिवस पर शुक्रवार को गांव के शिवालय मंदिर में सामूहिक पूजा-अर्चना की गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। द्वितीय व तृतीय दिवस शनिवार व रविवार को मां भगवती आकाशपुरी देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं देवी-देवताओं के आवाहन हेतु धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। साथ ही प्रवासी लोगों की ओर से गांव के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

इस दौरान रोहित बलोदी, संजय बलोदी, विनोद बलोदी, सरिता बलोदी, आकांक्षा बलोदी और विनयमोहन बलोदी सहित गांव के समस्त प्रवासी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# तोताघाटी के पास बस पलटी, कई यात्री चोटिल

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** टिहरी गढ़वाल में ऋषिकेश-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर सुबह एक बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। इस हादसे में बस में सवार कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं, जिन्हें 108 एंबुलेंस के जरिए ऋषिकेश अस्पताल लाया गया है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह डीसीआर टिहरी के माध्यम से सूचना मिली कि तोताघाटी के पास एक बस दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गई है। सूचना मिलते ही स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) निरीक्षक कविंद्र सजवाण के नेतृत्व में पोस्ट ढालवाला और ब्यासी की टीमों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।



घटनास्थल पर पहुंचने पर पाया गया कि बदरीनाथ से ऋषिकेश की ओर आ रही चारधाम यात्रा बस सड़क पर पलट गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस के ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। बस में कुल 39 यात्री सवार थे। दुर्घटना में 3 से 4 यात्रियों को सामान्य चोटें आईं, जिन्हें 108 एंबुलेंस सेवा के जरिए उपचार हेतु ऋषिकेश अस्पताल भेजा गया। अन्य सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

# केन्द्रीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं में पूर्व सैनिकों की मांगे भी शामिल हों

## महेन्द्र पाल रावत ने आयोग को भेजा पत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के अध्यक्ष को मांगपत्र भेजकर पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की विभिन्न मांगों को आयोग की अनुशंसाओं में शामिल करने का आग्रह किया है। समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने बताया कि उपजिलाधिकारी के माध्यम से आयोग को लिखित रूप में भेजे मांगपत्र में समिति ने पूर्व सैनिकों व वीर नारियों की ओआरओपी की विसंगतियां दूर कर सेम रैंक, सेम पेंशन व्यवस्था पूरी तरह लागू करने, सैनिक पेंशन को अंतिम वेतन का 70 प्रतिशत करने, जेसीओ व अन्य रैंकों के लिए मिलिट्री सर्विस पे 15,500 रुपये प्रतिमाह करने, वीर नारियों को 100 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन देने और ईसीएचएस को पूरी तरह कैशलेस बनाने की मांग की है। साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व सैनिकों के लिए घर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, दिव्यांगता पेंशन में समान लाभ देने, महंगाई राहत को डीए के बराबर लागू करने और सीएसडी सुविधाओं में सुधार की मांग भी उठाई गई है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# लापता बबीता पांडे की तलाश जारी, खोजबीन के लिए किया गया हवाई सर्वेक्षण

**उत्तरकाशी ( चिंगारी )।** दयारा बुग्याल ट्रेक क्षेत्र से लापता युवती बबीता पांडे की तलाश सातवें दिन भी जारी रही। रविवार को पहली बार हेलीकॉप्टर के जरिए दयारा बुग्याल और आसपास के दुर्गम क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया गया। किन्तु फिलहाल उसका कोई सुराग नही लग पाया।



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम), राजस्व विभाग तथा वन विभाग की संयुक्त टीमें लगातार क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। टीमें दयारा बुग्याल के अलावा आसपास के जंगलों, गहरी खाइयों, गदेरों, चट्टानों के बीच बने छोटे-छोटे उड्यारों, झाड़ियों तथा अन्य संभावित स्थानों की बारीकी से जांच कर रही हैं।

खोज अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए रविवार को यूकाडा के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। हेलीकॉप्टर के माध्यम से दयारा ट्रेक मार्ग और आसपास के पूरे क्षेत्र का हवाई निरीक्षण कर संभावित स्थानों की तलाश की गई। अधिकारियों का कहना है कि दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण जमीनी स्तर पर सर्च अभियान चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। जिसके कारण हवाई सर्वेक्षण से भी महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान की निगरानी स्वयं पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय कर रही हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# सुरक्षित सीटों के सहारे सत्ता की राह तलाश रही 'साइकिल'

**अमरोहा ( एजेंसी/चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर दोबारा काबिज होने के लिए समाजवादी पार्टी इस बार सुरक्षित सीटों के रास्ते आगे बढ़ेगी। लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद सपा अब दलित बहुल क्षेत्रों में सांगठनिक ढांचे और सामाजिक समीकरणों को नये सिरे से मजबूत कर रही है। इसी रणनीति के तहत पार्टी नेतृत्व ने पहली बार छात्र सभा, युवजन सभा और यूथ ब्रिगेड के माध्यम से आरक्षित सीटों का त्रिस्तरीय ग्राउंड सर्वे कराकर वास्तविक राजनीतिक डेटा जुटाया है। मुख्य फोकस उन विधानसभा क्षेत्रों पर है, जहां 2022 के चुनाव में सपा की हार का अंतर बहुत कम था, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में स्थितियां बदलती हुई दिखाई दीं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और दो सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं, जिन पर पिछले दो चुनावों से भाजपा बढ़त बनाए हुए है। वर्ष 2017 में भाजपा ने इनमें से 70 और 2022 में 65 सीटें जीती थीं, जबकि सपा सिर्फ 20 सीटों पर सिमट गई थी। अब सपा की रणनीति बसपा के कमजोर होते जनाधार और भाजपा के गैर-जाटव दलित वोट बैंक में सेंध लगाने पर केंद्रित है। पासी, कोरी, वाल्मीकि, धोबी और खटीक जैसे वर्गों को पीडीए से जोड़ने के लिए तीनों फ्रंटल संगठनों ने बूथ कमेटियों की सक्रियता, जातीय समीकरण और विरोधी दलों की स्थिति का बारीकी से आकलन किया है। विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए जिन सीटों की रिपोर्ट में अंतर था, वहां दोबारा भौतिक सत्यापन भी कराया गया है। करीब 80 सीटों पर यह कवायद पूरी हो चुकी है, जिसे 2027 के लिए टिकट वितरण और चुनावी अभियान की तैयारी माना जा रहा है।







